## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.01.2025 समय : 1905

<><><><><><><><>

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में द्वीप विकास एजेंसी की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की।
- अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ ने अध्यक्ष, जयदीप कुमार डे के नेतृत्व में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर से मुलाकात की।
- भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण ने सूर्य एसोसिएशन के सहयोग से मिशन लाइफ के तहत "हमारे पर्यावरण के बदलते प्रतिमान" पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया।
- समाज कल्याण निदेशालय के तहत राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी की ओर से सेवा निकेतन बाल देखभाल संस्थान में नववर्ष समारोह का आयोजन किया गया।
- मध्य अंडमान वन प्रभाग ने आज "खेलो इंडिया, फिट इंडिया" के तहत तीन दिवसीय वन खेल मीट की शुरुआत की।

<><><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में द्वीप विकास एजेंसी की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल देवेन्द्र कुमार जोशी, लक्षद्वीप प्रशासक प्रफुल्ल पटेल, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। दो हजार सत्रह में स्थापित द्वीप विकास एजेंसी देश में द्वीपों के समग्र विकास पर केंद्रित है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ ने अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य के कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ महासंघ के अध्यक्ष, जयदीप कुमार डे के नेतृत्व में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अंडमान लक्षद्वीप हार्बर वर्क्स के संविदा कर्मचारियों के मुद्दों पर एक ज्ञापन प्रस्तुत किया। राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने मामलों को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया तथा मंत्रालय के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए मंत्रालय में मिलने के लिए आमंत्रित किया।

<><><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण ने वैज्ञानिक यूनिक रिसर्चर्स यारे एसोसिएशन –सूर्य के सहयोग से मिशन लाइफ के एक भाग के रूप में "हमारे पर्यावरण के बदलते प्रतिमान" पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया। इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में डॉ. चाकुरकर ने पर्यावरण पर वर्तमान जीवन शैली के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिक शोध तथा विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सूर्य के प्रधान कार्यकारी अधिकारी प्रो. ए.के. श्रीवास्तव विशेष वक्ता थे। अपर निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख, डॉ. लाल जी सिंह ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए विषय के बारे में जानकारी दी जिसका उद्देश्य "हमारे दैनिक जीवन में प्राकृतिक संसाधनों" के बारे में जागरूकता पैदा करना है ताकि पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के उपयोग को स्थायी जीवन के लिए प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर, जैविक विज्ञान के एक अंतर्राष्ट्रीय जर्नल का तीसवां खंड – 'फ्लोरा एंड फौना' का विमोचन किया गया। यह पत्रिका सूर्य के प्रयास से प्रकाशित हो रही है, जो वेब ऑफ साइंस, इंडेक्स कोपरनिकस इंटरनेशनल, इंडियन साइटेशन इंडेक्स, इंडियन साइंस एब्सट्रैक्ट्स, सी ए बी इंटरनेशनल और गूगल स्कॉलर में इंडेक्सिंग की गई है। प्रो. श्रीवास्तव ने पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के द्वारा पर्यावरण को बचाने की बात पर जोर दिया। कार्यक्रम में पांडिचेरी विश्वविद्यालय ब्रुक्शाबाद परिसर, जे एन आर एम, अटल महासागर विज्ञान केंद्र जैसे विभिन्न संगठनों के अधिकारियों सहित सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><><>

जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर ऑस्टिनाबाद गांव में सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान, छह अतिक्रमण किए गए स्थानों की पहचान की गई और उन्हें नष्ट किया गया। अभियान के दौरान कुल चार हजार पांच सौ वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन सार्वजनिक सम्पतियों की सुरक्षा

सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। प्रशासन ने आम जनता को किसी भी तरह की अवैध रूप से चल रही गतिविधियों की सूचना या जानकारी जिला नियंत्रण कक्ष में देने को कहा है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने पुलिस लाईन स्थित पुलिस कल्याण एसोसिएशन के एफ पी एस संख्या चौंतीस में पंजीकृत सभी राशन कार्ड धारकों से जनवरी दो हजार पच्चीस के बाद से अपना राशन नयागांव स्थित श्रीमती गुरूअम्मल एफ पी एस संख्या चौदह से लेने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी की ओर से सेवा निकेतन बाल देखभाल संस्थान में नववर्ष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण निदेशक रविन्द्र कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने बच्चों के साथ नववर्ष का केक काटा और उन्हें नए साल की बधाई दी। राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी की कार्यक्रम प्रबंधक रेहानेथ बेगम ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए बच्चों के भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए इस तरह के समारोहों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों, खासकर देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों में अपनेपन और खुशी की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मिशन वात्सल्य योजना के नोडल अधिकारी ए.के. बिस्वास, ने बच्चों को उज्ज्वल और सफल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सेवा निकेतन के प्रभारी ए.के. चक्रवर्ती ने बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

मध्य अंडमान वन प्रभाग ने आज "खेलो इंडिया, फिट इंडिया" के तहत तीन दिवसीय वन खेल मीट की शुरुआत की। उद्घाटन समारोह में मुख्य वन संरक्षक डॉ. ए. अनिल कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि खेल मानसिक शक्ति को बढ़ावा देती हैं और साथ ही आज की तेज गति वाली जीवन में समग्र कल्याण को बनाए रखने के लिए एक आवश्यक उपकरण भी हैं। क्षेत्र के सहायक आयुक्त विकास कुमार और रंगत ग्राम पंचायत की प्रधान सीता माझी सम्माननीय अतिथि थे। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. अब्दुल कयूम ने सभी के जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया। इसमें फुटबॉल, क्रिकेट, कैरम, जैसे अन्य खेल गतिविधियां शामिल हैं। खेलो इंडिया, फिट इंडिया पहल के साथ जुड़े इस कार्यक्रम ने कर्मचारियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए उन्हें अपने कार्यों के प्रति सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन पांच जनवरी को होगा।

<><><><><><><>

फिट इंडिया सप्ताह के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा "फिट इंडिया, स्वस्थ भारत" अथवा "आदिवासियों के लिए खेल" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सेंट मेरी स्कूल मोहनपुरा के कक्षा चौंथी के आर. विहान कुमार को पहला, जवाहर नवोदय विद्यालय छोलदारी के कक्षा बारहवीं के इरफान और महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा नवीं के एस. महेशराजा को संयुक्त रूप से दूसरा तथा सेंट मेरीज़ स्कूल मोहनपुरा के कक्षा चौंथी की आदिश्री बाउल को तीसरा पुरस्कार मिला। विजेताओं को पुरस्कार डाक द्वारा उनके संबंधित विद्यालयों को भेजे जाएंगे।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए पूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करने को कहा गया है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म पन्द्रह फरवरी तक संबंधित अंचल कार्यालयों में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

डीब्रेट में स्टोर अटेंडेंट के पद के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का आंसर–की प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर कल शाम पांच बजे तक अपलोड कर दिया जाएगा। उम्मीदवार अपने दावे और आपत्तियां छः जनवरी शाम पांच बजे तक संस्थान की ई–मेल पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>